Dainik Jagran, dated 10.10.2020

एयूडी के जरूरतमंद छात्रों को दिया जा रहा टैबलेट

आर्थिक रूप से कमजोर और पूरी तरह फीस माफी के दायरे में आने वाले छात्रों को दी जाएगी प्राथमिकता

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) द्वारा जरूरतमंद छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाई के लिए टैबलेट दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। इसके अनुसार विश्वविद्यालय की प्राथमिकता ऐसे छात्रों को टैबलेट देने की होगी जो आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी (ईडब्ल्यूएस) और पूरी तरह फीस माफी के दायरे में आते हों। इसके बाद जरूरतमंद छात्राओं और फिर स्नातक छात्रों को टैबलेट देने में प्राथमिकता दी जाएगी।

विश्वविद्यालय की सहायक कुलसचिव अंशू सिंह ने बताया कि शुक्रवार से प्राप्त आवेदनों के आधार पर जरूरतमंद छात्रों को टैबलेट का वितरण शुरू भी किया जा चुका है। वहीं आगे जिस तरह से आवेदन मिलते रहेंगे उनकी जांच के बाद जरूरतमंद छात्रों को टैबलेट का वितरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कोरोना संकट के कारण लंबे समय से अधिकांश शैक्षिक गतिविधियां ऑनलाइन माध्यम से ही चलाई जा रही हैं, लेकिन संसाधनों का अभाव होने के कारण जरूरतमंद छात्र इन गतिविधियों में शामिल नहीं हो पा रहे थे। इसलिए विश्वविद्यालय की नीति के अनुसार जरूरतमंद छात्रों की मदद के लिए यह निर्णय लिया गया।